





### एक नजर में



### राठौर जैसे वीरों के कारण हमारा देश सुरक्षित रहा : परमार

**नवभारत आष्टा.** वीर शिरोमणि दुर्गादास राठौर की 387 वीं जयंती मनाई गई. मुख्य मार्गों से वीर दुर्गादास की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा का विभिन्न संस्थाओं द्वारा अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया. बुधवारा में कैलाश परमार मित्रमण्डल द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया. शोभायात्रा का समापन स्थानीय मानस भवन में हुआ. जहां पर वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा के समक्ष आरती की गई. श्री परमार ने राठौर समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वीर दुर्गादास जैसे वीरों के कारण हमारा सनातन धर्म और भारत देश सुरक्षित है. इस मौके पर अजीत कुमार जैन, प्रदीप प्रगति, नरेंद्र गंगवाल, सुभाष नामदेव, जीतेन्द्र साहू, शुभम शर्मा, राज परमार, पल्लव प्रगति, राजेश मेवाड़ा, प्रदीप जैन द्वारा राठौर समाज अध्यक्ष गौरी शंकर राठौर, हेमंत राठौर, हेमंत हरिओम, जुगल किशोर राठौर, तेज सिंह राठौर, वीरेंद्र राठौर आदि का विशेष स्वागत किया गया.



### अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली

**नवभारत सीहोर.** आमजन में देशभक्ति की भावना जागृत करने और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड से तिरंगा रैली निकाली गई. तिरंगा रैली में कलेक्टर बालागुरू के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए. परेड दल तथा 3000 से अधिक विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति का संचार करने वाले भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के उद्घोष के साथ रैली में नगर का भ्रमण कर नागरिकों को देशभक्ति का संदेश दिया. रैली में अनेक गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए.



### रिमझिम बरसात में भी स्वतंत्रता का जज्बा बरकरार

**नवभारत बुधनी.** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई. जिसमें क्षेत्रीय विधायक रमाकांत भार्गवउपस्थित थे. सांदीपनि विद्यालय से तिरंगा यात्रा प्रारंभ की गई. रैली में शासकीय एवं निजी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम के दौरान हल्की-हल्की बारिश होती रही परंतु छात्र-छात्राओं का जज्बा कम नहीं हुआ वह हाथों में तिरंगा लिए देश भक्ति से सराबोर नारे लगाते रहे. कार्यक्रम में विधायक रमाकांत भार्गव, राजेंद्र सिंह राजपूत, कार्तिकेय सिंह चौहान, नपाध्यक्ष सुनीता अर्जुन मालवीय, अर्जुन मालवीय, संतोष गौर, राजेश पाल, रघुनाथ सिंह भाटी, रवि मालवीय, महेश उपाध्याय, महेंद्र शर्मा, सतीश गुप्ता, आजाद सिंह राजपूत, विजय सिंह राजपूत, सत्येंद्र शर्मा, अनार सिंह, किशन मालवीय, धीरेंद्र तिवारी, शिवानी यादव, मनीष बाजपेई, प्रभात भदोरिया, मांगीलाल यादव, श्रीकांत शर्मा, पीयूष मालवीय, भूपेंद्र यादव, विशाल खत्री, पवन चंद्रफेरी, यशवंत चौहान, विनोद शिवहरे सहित बड़ी संख्या में बुधनी, शाहगंज और सलकनपुर मंडल में प्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए.



### देशभक्ति की भावना जागृत करने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**नवभारत इछावर.** हर घर तिरंगा अभियान के तहत नगर क्षेत्र में तिरंगा बाइक रैली निकाली गई. जिसका उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना और स्वतंत्रता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है. रैली में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, नपाध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, एसडीएम जमील खान, थाना प्रभारी पंकज वाडेकर सहित पुलिस स्टाफ, वन विभाग, नपा, शिक्षा विभाग के अधिकारी व विभिन्न विभागों के प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए. बाइक रैली का शुभारंभ सीएम राईस स्कूल से हुआ. जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए निकाली. समापन अवसर पर सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों ने मानव श्रृंखला बनाकर एकता, देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया. इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय में स्वतंत्रता उत्सव परिवेश में रंगोली, रैली, पोस्टर निर्माण आदि का समावेश किया. प्राचार्य डॉ सुनीता यादव, शिक्षक विनीत शर्मा, सीताराम विश्वकर्मा, डॉ अरविंद बैस, मुकेश शर्मा, नीता माहोर, महेंद्र राव, जितेंद्र मालवीय, राहुल शुक्ला उपस्थित थे.

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में काउंसलिंग की अंतिम तिथि आज

**नवभारत सीहोर.** शासकीय महिला पोलिटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णत: नि:शुल्क है. संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गए हैं. इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण छात्राएं पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई को दिया जाएगा. इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जाएगी. तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त तय की गई है.

# अल्पवर्षा की मार से फसल हो रही बीमार

## खरीफ की फसलों में पीला मौजेक का खतरा मंडराया, कीटनाशक का छिड़काव भी बेअसर, किसान हुए चिंतित

- किसानों ने सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की
- बारिश की कमी के चलते फसलों पर रोग का प्रकोप

नवभारत न्यूज

**सीहोर. खरीफ सीजन की बोवनी के बाद से अपनी फसल को सहजने में चिंतित किसान को अब मौसम भी परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है. बीते कई दिनों से बारिश का सिलसिला थमा हुआ है, जिससे फसलों पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है. बारिश के अभाव के चलते फसल में पीला मोजेक व अन्य कीट व्याधियों का खतरा मंडरा रहा है. चिंतित किसान प्रशासन से सर्वे कर फसल बीमा देने की मांग करने लगा है.**



**सीहोर.** बारिश की कमी के चलते खरीफ सीजन की फसल सोयाबीन का फूल गर्मी के कारण मुर्झाकर गिर रहा है.

इसे अन्नदाता किसानों की विडम्बना ही माना जाएगा कि हर सीजन की फसल बोवनी के साथ शुरू होने वाला संकट फसल की कटाई तक बना रहता है. खाद-बीज की किल्लत, नकली खाद का मिलने से लेकर मौसम की मार को झेलने वाला किसान हर मौसम में चिंतित रहता है. इस बार भी सोयाबीन की बोवनी के दौरान अमानक बीज के कारण फसल प्रभावित हुई तो अमानक दवाओं के छिड़काव से भी फसल पर विपरित असर पड़ा. ऐसे में रही-सही कसर अब मौसम की मार पूरी कर रही है. खरीफ सीजन की फसलों को इस वर्तमान में तेज बारिश की दरकार है, लेकिन बारिश की लंबी खेंच के चलते फसलों पर रोगों का हमला शुरू हो गया है. कृषि वैज्ञानिकों की मानें तो सोयाबीन की फसल पर पीला मोजेक रोग का खतरा बनने लगा है. बदलते मौसम, नमी व तापमान में उतार- चढ़ाव के कारण सफेद मक्खी एवं इससे फैलने वाले पीला मोजेक वायरस का असर देना जा रहा है. उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि वह फसलों का 3- 4 दिन में नियमित निगरानी करें. पत्तों के नीचे सफेद मक्खी की उपस्थिति व पीले चकतों के लक्षणों पर ध्यान दें. प्रारंभिक प्रकोप पर यांत्रित नियंत्रण संक्रमित पत्तियों को तोड़कर खेत से बाहर नष्ट करने को कहा जा रहा है.

फसलों पर गहराते संकट को देखते हुए किसान अब चिंतित हो गया है. उनकी मानें तो लगभग 20 फीसदी सोयाबीन की फसल तबाह हो चुकी है. अब उन्हें अपने कर्जे को लेकर चिंता बनी है. ऐसे में वह प्रशासन से खराब फसल का सर्वे कर मुआवजा व बीमा राशि की गुहार लगा रहे हैं. इसके बाद भी जब जिम्मेदारों के कानों पर जूं नहीं रेंग रही तो वह प्रदर्शन की राह पकड़ने को मजबूर हो गए हैं. दो दिन पहले समीप के गांव छापरी में महिलाओं ने बर्बाद हो चुकी सोयाबीन की फसल को हाथों में लेकर प्रदर्शन किया था.

कृषि विभाग के सूत्रों की मानें तो सीहोर और इछावर तहसील के कई गांवों में कीट प्रकोप से फसल प्रभावित हुई हैं. मौसम अनुकूल नहीं होने का असर फसल के फूल पर भी पड़ा है. मंडी क्षेत्र के कृषक अजय राय ने बताया कि बरसात नहीं होने के कारण और तापमान में बढ़ोत्तरी की वजह से सोयाबीन का फूल झुलस गया है. इसके अलावा रही- सही कसर पीला मोजेक और इल्लियां कर रही हैं. उनका कहना है कि दो बार उनके द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव भी किया जा चुका है, लेकिन रोग पर पूरी तरह रोकथाम नहीं हो सकी है. जिससे उपज का उत्पादन प्रभावित होगा.

### कीट व्याधियों की रोकथाम के लिए करें दवा का छिड़काव

कृषि वैज्ञानिक धर्मेंद्र पटेल बताते हैं कि तापमान अधिक होने से सोयाबीन फसल पर तना, सफेद मक्खी प्रकोप सबसे ज्यादा है. यह मक्खी पौधे की पत्तियों से रस चूसती है जिससे फसल खराब हो रही है. पीला मोजेक वायरस भी तेजी से फैल रहा है. किसान कीट व रोग के निदान के लिए फसल पर बीटासाइलोथ्रीन, इम्मीडाक्लो प्राइड 115 मिली एकड़ या थायोमेथाजाम, लेमडासायलोथ्रीन 100 मिली एकड़ के साथ करंज नीम, तेल 120 मिली एकड़ के मान से छिड़क सकते हैं.

### पुलिस ने जुआ खेलते दबोचे आठ आरोपी



**भैरूंदा.** पुलिस ने जुआरियों के विरुद्ध कायवाही करते हुए छापामार कार्यवाही में आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से 15 हजार 700 रुपए व 5 बाइक जब्त की हैं. जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक गैरेज में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं. मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश दी. जहां 8 व्यक्ति जुआ खेल रहे थे. पुलिस को आता देख सभी इधर-उधर भागने लगे. पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ऋषभ आ. मोहलाल बैरागी निवासी अतरालिया, विनोद राठौर आ. कैलाश राठौर निवासी बजरंग कुटी, रामविलाश आ. जगदीश पवांर निवासी बोरखेड़ा, शाहरुख आ. सईद खां, निवासी तलाई मोहल्ला, कुमेर सिंह आ. शंकरलाल पंवार, निवासी रुजनखेड़ी, लक्ष्मण आ. कैलाश यदुवंशी निवासी तलाई मोहल्ला, आरिफ आ. सत्तार खां एवं सलमान खां आ. रज्जाक खां को गिर तार किया गया. आरोपियों के कब्जे फड़ एवं 15 हजार 700 रुपए नगद एवं ताश पत्ते एवं 5 बाइक जब्त की गई. आरोपियों विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया.

## रात्रि गश्त में पकड़ी लाखों की अवैध शराब

- वाहन छोड़कर भागे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा
- वाहन सहित लाखों रुपये की अवैध शराब की बरामद

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** जिले के श्यामपुर थाना पुलिस द्वारा रात्रि गश्त के दौरान अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की गई है. पुलिस ने लगभग 7 लाख 32 हजार 636 रुपए का परिवहन करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है.



जानकारी के अनुसार श्यामपुर पुलिस को रात्रि गश्त में मुखबिर से सूचना मिली की कुरावर की ओर से एक कार आ रही है जिसमें शराब की पेटियां रखी हुई हैं. पुलिस टीम ने कार को सोंठी जोड़ पर रोकने का प्रयास किया. पुलिस को देखकर कार वाहन चालक अंधी रफ्तार से दौड़ाने लगा और पुलिस को पीछे आता देख कार को निवारिया रोड़ पर खड़ी कर भाग गया.

पुलिस ने कार से 13 पेटी अवैध शराब जब्त की. जिसकी अनुमानित कीमत कुल कीमत 1 लाख 32 हजार 636 रुपए बताई जाती है. वहीं कार की कीमत 6 लाख रुपए है. कार में एक मोबाईल भी पुलिस को मिला है. कार्रवाही के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फरार आरोपी मोहम्मद फरमान आ. मोहम्मद इरशाद निवासी भोपाल को गिरफ्तार कर लिया है.

### विशेष ट्रेन से रवाना हुए 200 तीर्थयात्री

**सीहोर.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत वाराणसी-अयोध्या के तीर्थ के लिए रेलवे स्टेशन से 200 तीर्थ यात्रियों को लेकर विशेष ट्रेन रवाना हुई. इस अवसर पर तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया गया. इस दौरान तीर्थ यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्रियों के चेहरे पर तीर्थ यात्रा की खुशी देखते ही बनती थी. तीर्थ यात्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हमारे लिए श्रवण कुमार की तरह कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से हमें आज अयोध्या की तीर्थ यात्रा पर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है. सभी यात्रियों के मुख पर यात्रा की खुशी झलक रही थी. उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को धन्यवाद दिया.

## मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री करेंगी ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा. समारोह में पिछड़ा वर्ग मंत्री एवं प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ध्वाजारोहण कर एवं बधाई संदेश का वाचन करेंगी.

जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए जारी पल-प्रतिपल कार्यक्रम अनुसार प्रात: 8:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा. प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा. सलामी ली जाएगी तथा राष्ट्रगान की धुन होगी. प्रात: 9: 05 बजे आसमान में गुब्बारे छोड़े जाएंगे. 9:10 बजे द्वारा परेड का निरीक्षण, 9: 25 बजे मुख्यमंत्री के संदेश वाचन, प्रात: 9: 55 बजे बधाई संदेश वाचन, 10 बजे हर्ष फायर एवं राष्ट्रगान की धुन होगी. 10:10 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा. 10:25 बजे प्लाटून कमांडरों से परिचय किया जाएगा. 10:30 बजे स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया जाएगा. 10:35 बजे से 11:05 बजे संस्कृति कार्यक्रम होंगे. 11:10 बजे प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार वितरण किया. जाएगा और 11:30 बजे कार्यक्रम का समापन होगा. 15 अगस्त को पीएम पोषण योजना अंतर्गत सभी लक्षित शासकीय शालाओं के विद्यार्थियों के विशेष भोज आयोजित किया जाएगा. इस संबंध जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने डीईओ, जिला परियोजना समन्वयक-एसएसए, सभी जनपद सीईओ एवं नपा सीएमओ आदि को व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं.

## पाइप लाइन से पानी चुराने पर मोटर जब्त

नवभारत न्यूज

**भैरूंदा.** मर्दानपुर ग्रामीण समूह जलप्रदाय योजना भैरूंदा. ब्लॉक के ग्राम रफीकगंज एवं ग्राम टीका मोड़ में जल निगम एवं पुलिस बल द्वारा का अवैध रूप से टिल्लू पंप लगाकर अधिक पानी लेने वाले उपयोगकर्ताओं पर कार्रवाई की गई एवं उनकी मोटर जब्त की गई.



इस जलप्रदाय योजना से 161 ग्रामों में जल प्रदाय किया जाता है. मोटर पंप उपयोग करने से ग्राम के आखिरी उपभोक्ता तक पानी का दबाव कम हो जाता था. जिस कारण कई लोगों को पेयजल आपूर्ति संबंधित समस्या हो रही थी. जल निगम के अधिकारियों द्वारा इन उपभोक्ताओं को पहले कई बार मौखिक रूप से मोटर पंप का उपयोग न करने के लिए कहा गया था. लेकिन पर इनके द्वारा मोटर पंप का इस्तेमाल बंद नहीं किया गया. जिसके चलते यह कार्यवाही की गई है. जल निगम के अधिकारियों ने बताया कि बाकी ग्रामों में जहां-जहां मोटर लगी हैं, उन ग्रामों में भी मोटर जब्त की जाएगी. यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी. ताकि प्रत्येक हितग्राही को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके.

# नकली लेटरहेड बनाने वाले पर कार्रवाई की मांग

- सर्व ब्राह्मण समाज ने पंकज शर्मा पर लगाया आरोप
- समाज की प्रतिष्ठा को पहुंचाई ठेस, हो जल्दी कार्यवाही

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** सर्व ब्राह्मण समाज के आधिकारिक लेटरहेड की कथित जालसाजी कर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है.

जिला अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि पंकज शर्मा द्वारा समाज का फर्जी लेटरहेड बनाकर उसका दुरुपयोग किया गया है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त लेटरहेड पर गलत तथ्यों के साथ पत्र तैयार कर समाज की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया है और समाज में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है. पं. दीपक शर्मा ने इसे भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध बताते हुए कार्रवाई की मांग की है. शिकायत में जिन धाराओं का उल्लेख किया गया है, उनमें 420 धोखाधड़ी, 465 जालसाजी, 468 धोखाधड़ी, जालसाजी, 469 प्रतिष्ठा को क्षति पहुंचाना शामिल हैं.

समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई है. ताकि ऐसे कृत्यों पर रोक लगाई जा सके और समाज की गरिमा बनी रहे. इस मौके पर पं.मनोहर शर्मा, सुदीप



व्यास, राजेंद्र दुबे, गोपाल दुबे, सुनील पाराशर, राजेश मोहन शर्मा, योगेश श्रोत्रिय, नवीन मिश्रा, मनीष शर्मा, प्रदीप गौतम, चंद्रकिशोर शर्मा, राकेश शुक्ला, राकेश शर्मा महाकाल, रजत व्यास, सुनील शर्मा, नवनीत उपाध्याय, रूपेश तिवारी, नितिन उपाध्याय, शिवम् शर्मा, अंकित त्यागी, तनिषा त्यागी, उदय मिश्रा, विनायक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे.

**आयोजन** | वीर शिरोमणी राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती पर समाज ने निकाला भव्य चल समारोह

# ऑपरेशन सिंदूर में गरजी मिसाइलें, दुर्गावाहिनी ने दिखाई ताकत



नवभारत न्यूज

**सीहोर.** राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा बुधवार को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती परंपारिक रूप से मनाई गई. राठौर क्षत्रिय समाज द्वारा बुधवार को शहर में भव्य चल समारोह निकाला.

राठौर धर्मशाला में ध्वजारोहण और रामजानकी मंदिर में भगवान श्रीराम की वंदना की गई. चल समारोह का शुभारंभ राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर पार्क गंज से किया गया. चल समारोह में ऑपरेशन सिंदूर की झांकी में मिसाइलें गरजती हुई दिखाई दी. दुर्गावाहिनी की बहनों की बहनों ने अपनी ताकत दिखाई और सेना की वर्दीधारी बालिकाओं ने भी देश भक्ति गानों पर नृत्य कर रंग जमा दिया. तिरंगे के साथ पांच सौ केशरिया ध्वज चल समारोह में लहराते हुए दिखाई दिए. नरसिंहगढ़ के बैंड नाशिक के ढोल और लाइव डीजे ने देशभक्ति गीतों से युवाओं में जोश भर दिया. भारत माता बनी नन्ही बालिका और ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रथ में सवार गुरूजन एवं वीर दुर्गादास राठौर की प्रतिमा झांकी सहित नृत्य करते समाजिक बंधु आकर्षण के केंद्र बने रहे

शहर में अनेक स्थानों पर सामाजिक धार्मिक राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने स्वागत किया. गंज स्थित श्री रामजानकी मंदिर में भगवान की आरती की गई और प्रसादी का वितरण कर चल समारोह का समापन किया गया.

चल समारोह में शामिल राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा संगठन महासभा जितेंद्र राठौर, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर बाबा, पूरनसिंह राठौर, प्रमोद राठौर, राहुल राठौर, राजकुमार राठौर, ओमप्रकाश राठौर, देवेंद्र राठौर, दीपक राठौर, मनोज पहलवान, राजेश राठौर, दीपेश राठौर, संजय राठौर, अजय राठौर, मुकेश राठौर, राजकुमार राठौर, राजेश राठौर, अशोक, सुनील राठौर, प्रेमनारायण राठौर, भूपेंद्र राठौर सहित बड़ी संख्या में समाजिक बंधु शामिल थे.

### भाजपा नेता अरोरा ने किया चल समारोह का स्वागत

भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, नपाध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की जयंती के चल समारोह में शामिल हुए. उन्होंने राठौर समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर एक महान योद्धा और राजपूत सेनानी थे. जिन्होंने 17 वीं शताब्दी में मारवाड़ राज्य की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया था. उन्हें महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के राठौड़ वंश को बनाए रखने का श्रेय दिया जाता है.

### प्रतियोगिता में जबलपुर ने नीमच को हराया

**सीहोर.** प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास सारंग के पिता कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में जिला फुटबाल संघ के तत्वाधान में खेली जा रही. राज्य स्तरीय महिला फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहले मैच में जबलपुर ने नीमच को हराया. राज्य स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रदेश की 16 टीम में भाग ले रही हैं. दूसरा मैच नेशनल क्लब इंदौर विरुद्ध श्योपुर के मध्य खेला गया जिसमें नेशनल फुटबॉल क्लब इंदौर 5-0 से विजय रही. तीसरा मैच सरदारपुर फुटबॉल क्लब विरुद्ध सिंगरौली के मध्य खेला गया जिसमें यह मैच सरदारपुर फुटबॉल क्लब 2-0 से विजय रही. इस प्रतियोगिता में कल 3 मैच खेले जाएंगे खिलाड़ियों से परिचय आवासीय प्राचार्य आलोक शर्मा ने प्राप्त किया.